# भारत-चिली के संबंध होंगे मजबूत

## एस. जयशंकर ने चिली के विदेश मंत्री मैकेना से की मुलाकात



**नई दिल्ली, 13 मई.** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को चिली के अपने समकक्ष फ्रांसिस्को पेरेज मैकेना से मुलाकात की. द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा की.

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी. उन्होंने लिखा, सुबह चिली के विदेश मंत्री फ्रांसिस्को पेरेज मैकेना से मुलाकात सकारात्मक रही. दोनों देशों ने बाजारों और आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने, प्राथमिकता वाले उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और सर्विस इकोनॉमी को सुगम बनाने पर चर्चा की. उन्होंने आगे कहा, हमने बहुपक्षीय और बहु-देशीय मंचों पर मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई. मैकेना 9 मई से भारत की सात दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं. पहले दिन ही नई दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने एक्स पर लिखा, यह यात्रा चिली और भारत के बीच संबंधों को और मजबूत करने का शानदार अवसर होगी. हम अपनी साझेदारी को गहरा करने, व्यापार और निवेश के अवसरों का विस्तार करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं.

मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने चिली के विदेश मंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ नाश्ते पर चर्चा की. बैठक के बाद गोयल ने कहा कि भारत और चिली ने प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर चल रही वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा की और द्विपक्षीय व्यापार, निवेश तथा रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की.

> केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चिली के साथ अपनी लंबे समय से चली आ रही मैत्रीपूर्ण साझेदारी को भारत पूरा महत्व देता है और साझा विकास एवं समृद्धि के लिए आर्थिक संबंधों और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा, भारत चिली के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है. हम साझा विकास और समृद्धि के लिए आर्थिक जुड़ाव और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने को प्रतिबद्ध है. यह चर्चा ऐसे समय में हुई है जब भारत वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निर्यात बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के उद्देश्य से प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ कई समझौतों को आगे बढ़ा रहा है.



## सोनिया गांधी अस्पताल से घर लौटीं

**नई दिल्ली 13 मई.** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में डॉक्टरों के एक दल ने नियमित स्वास्थ्य संबंधी नियमित जांच परीक्षण के बाद घर भेज दिया है।कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया श्रीमती गांधी की मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच करवाई गई और अब वे घर लौट आई हैं.कुछ खबरों के अनुसार हालांकि श्रीमती गांधी को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनकी मामूली सर्जरी होनी है. श्रीमती गांधी को जनवरी से अब तक तीसरी बार नियमित चिकित्सा जांच और उसके बाद डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है.

### अमित शाह की चेतावनी के बाद माओवादी मुख्य धारा में लौटे

# नक्सली मधाई पात्रा का सरेंडर



**कोलकाता, 13 मई. पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में सक्रिय माओवादी मधाई पात्रा ने मंगलवार को कोलकाता पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में रहे मधाई का सरेंडर नक्सल विरोधी अभियान के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है.**

गृह मंत्री अमित शाह की चेतावनी और सुरक्षा बलों के लगातार बढ़ते दबाव के बाद मधाई पात्रा ने संगठन छोड़ने का मन बना लिया था. शाह पहले भी कई बार नक्सलियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील कर चुके हैं. केंद्र सरकार ने साफ संदेश दिया था कि जो हथियार छोड़ेंगे, उन्हें पुनर्वास और नई जिंदगी का अवसर मिलेगा, लेकिन हिंसा जारी रखने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी. मधाई पात्रा कई वर्षों से माओवादी गतिविधियों में सक्रिय बताया जाता है. उसका नेटवर्क पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा तक फैला हुआ था. सुरक्षा एजेंसियां उसे संगठनों के बीच संपर्क और गतिविधियों के संचालन में अहम कड़ी मानती थीं. हालांकि पुलिस ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि आत्मसमर्पण के दौरान उसने कोई हथियार जमा कराया या नहीं.

> सरेंडर के बाद मधाई ने कहा कि लगातार खराब स्वास्थ्य और जंगलों में कठिन जीवन के कारण उसने संगठन छोड़ने का फैसला लिया. उसने दावा किया कि अपनी यूनिट के प्रमुख से अनुमति लेने के बाद ही उसने आत्मसमर्पण किया। उसने यह भी कहा कि अब वह सामान्य और शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहता है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि मधाई ने अपने पुराने साथियों से भी हिंसा छोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में लौटने की अपील की.

# सुरक्षा बलों ने हथियार और विस्फोटक बरामद किए

**इंफाल, 13 मई.** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 48 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया और कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी.

पहली बरामदगी मोइरांग पुलिस थाना अंतर्गत कीफा रोड के पास लोकतक मापल से की गई. जब्त की गई चीज़ों में एक बोल्ट एक्शन राइफल, मैगज़ीन के साथ एक 9 एमएम पिस्तौल, मोर्टार के गोले, हथगोले, स्मोक ग्रेनेड, एक देसी रॉकेट मोर्टार, जिलेटिन की छड़ें, विमान-रोधी गोला-बारूद, अलग-अलग कैलिबर के गोला-बारूद के राउंड, बैलिस्टिक कारतूस, स्टन ग्रेनेड, शॉटगन के गोले, एक रेडियो संचार सेट और बुलेटप्रूफ प्लेटें शामिल थीं.

### कई उग्रवादी भी गिरफ्तार

उन्होंने बताया कि कीबुल लामजाओ पुलिस थाने के लाइसोई इलाके में चलाए गए एक अन्य अभियान में सुरक्षा कर्मियों ने दो बोल्ट एक्शन राइफलें, एक देसी पिस्तौल, एक रॉकेट मोर्टार और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए.

# पेपर लीक की जेपीसी जांच की मांग

## युवा कांग्रेस और एनएसयूआई करेंगे देशव्यापी आंदोलन



**नई दिल्ली, 13 मई. युवा कांग्रेस और कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर लीक मामले को गंभीर अपराध बताया है और इसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है.**

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा है और नीट परीक्षा पेपर लीक की ताजा घटना ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है. उनका कहना था कि सरकार दूसरे देशों के बीच चल रहे युद्ध को रोकने जैसी बातें भी करती है लेकिन अपने देश में पेपर लीक जैसे अपराधिक घटनाओं को नहीं रोक पा रही है.

उन्होंने कहा कि इस मामले में जिम्मेदारी तय कर कोचिंग संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए. चिब ने नीट पेपर लीक मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग की और कहा कि इस मामले में सबसे पहले जिम्मेदारी लेते हुए देश के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए. उन्होंने सवाल किया कि भाजपा शासन में बार-बार बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं क्यों हो रही हैं.

## आज का इतिहास

1607- उत्तरी अमेरिका में अंग्रेजों ने अपना पहला स्थायी अड्डा स्थापित किया. इसे जेम्स टाउन, वर्जीनिया का नाम दिया गया.
1610- फ्रांस में हेनरी चौथे की हत्या और लुइस तेरहवें फ्रांस की गद्दी पर बैठे.
1657- शिवाजी के ज्येष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी शम्भाजी का जन्म.
1702- इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस और स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
1811- पराग्वे स्पेन से मुक्त हुआ.
1879- थॉमस एडिसन यूरोप की एडिसन टेलीफोन कंपनी से जुड़े.



# पंजाब के साथ चलेगी केंद्र सरकार

- फसल विविधीकरण पर शिवराज सिंह का फोकस
- पंजाब के भविष्य को लेकर केंद्र का स्पष्ट रोडमैप

**नई दिल्ली, 13 मई.** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बुधवार को नई दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मुलाकात की. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बैठक के बाद पंजाब के किसानों, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और कृषि के स्थायी भविष्य को लेकर बड़ा सकारात्मक संदेश दिया. उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार पंजाब के साथ मिलकर ऐसी ठोस रणनीति पर काम करेगी, जिससे किसान को लाभ हो, खेती टिकाऊ बने, पानी और मिट्टी बचे तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए पंजाब की समृद्ध कृषि विरासत सुरक्षित रह सके. मीडिया से चर्चा में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पंजाब केवल एक राज्य नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है.

## पुणे के बारामती में प्रशिक्षण विमान की क्रैश लैंडिंग

**महाराष्ट्र, 13 मई.** बारामती में रेडबर्ड कंपनी के एक प्रशिक्षण विमान ने तकनीकी खराबी के कारण क्रैश लैंडिंग की है. प्रशिक्षु पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को गन्ने के खेत में सुरक्षित उतार दिया, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और किसी को चोट नहीं आई. गोजुबावी गांव के उत्तरी हिस्से के ऊपर उड़ान के दौरान विमान का इंजन बंद हो गया, जो मुख्य आवासीय क्षेत्र से करीब 1.5 किलोमीटर दूर था. इसके बावजूद प्रशिक्षु पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को पास के एक गन्ने के खेत में सुरक्षित उतार दिया.

# नीले नाखूनों ने बढ़ाई प्रतीक की मौत की गुत्थी

**लखनऊ, 13 मई.** अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव का निधन हो गया. अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव ने आज यानी बुधवार को आखिरी सांस ली. वह घर के किचेन में अचेत पाए गए थे. उन्हें जब अस्पताल ले जाया गया, तब उन्हें मृत घोषित कर दिया गया.

- प्रतीक के निधन के समय नहीं थी अपर्णा
- अखिलेश के इशारों से तेज हुई चर्चाएं

अब सवाल है कि जब प्रतीक यादव का निधन हुआ, तब अपर्णा यादव कहां थीं? आखिर प्रतीक यादव को अस्पताल लेकर कौन गया था? इसे लेकर लेटेस्ट जानकारी सामने आ गई है. जी हां, प्रतीक यादव का जब निधन हुआ, तब अपर्णा यादव दिल्ली में थीं. पति प्रतीक यादव के निधन की खबर सुनते ही वह दिल्ली से लखनऊ आ रही हैं. प्रतीक यादव अपने घर के किचेन में बेहोश मिले थे. प्रतीक यादव को आज सुबह अर्पणा के भाई अमन बिष्ट प्रतीक लखनऊ सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे थे. इसके बाद सिविल अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित किया था. फिलहाल, मौत की वजह सामने नहीं आ पाई है.



> शुरुआती समय में प्रतीक की बीमारी का पता नहीं चल पाया था, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतीक समय से फेफड़ों की बीमारी से ग्रसित से थे और 1 हफ्ते से मेदांता में भी भर्ती थे. इनके निधन के बाद दावा किया जा रहा है कि प्रतीक यादव की उंगलियों के नाखून और कई अंग नीले पड़ चुके थे. ऐसे में यह जानना जरूरी है कि नाखूनों का रंग बदलना किस बीमारी का संकेत हो सकता है.

# एन रंगासामी ने पांचवीं बार ली पुडुचेरी सीएम पद की शपथ



**पुडुचेरी, 13 मई.** पुडुचेरी की राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाने वाले एन. रंगासामी ने बुधवार को लगातार प्रभाव कायम रखते हुए पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. लोक निवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाईरंगासामी ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली और समर्थकों का अभिवादन किया. इस अवसर पर एनडीए गठबंधन के दो अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली. भाजपा नेता ए. नामनमासीवायं और एआईएनआरसी नेता मल्लादी कृष्णा राव नई सरकार में मंत्री बनाए गए हैंमल्लाडी कृष्णा राव ने तेलुगु भाषा में शपथ ली.


**चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड**

Chola Enter a better life

कॉर्पोरेट कार्यालय: "चोला क्रेस्ट", तीसरी मंजिल, C54 और C55, सुपर B-4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600032

**प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना**

आपको, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि कंपनी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत आपके विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है और अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत पंजीकृत डाक द्वारा आपको भेजा गया नोटिस (उधारकर्ता/उधारकर्ताओं के लिए देय) अप्राप्य लौटा है। अतः, आपसे अनुरोध है कि आप इस सूचना को ध्यान में रखते हुए उक्त खाते में उल्लिखित बकाया ऋण राशि का ब्याज सहित भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर कर दें। ऐसा न करने पर कंपनी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षा को लागू करके ब्याज और लागत सहित अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए आपके विरुद्ध कार्यवाही करेगी। यह उल्लेख करना अनावश्यक है कि यह नोटिस कंपनी के लिए उपलब्ध किसी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आपको संबोधित किया गया है।

| स. क्र. | ऋण खाता संख्या और नाम और उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं का पता | ऋण राशि | मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋण संख्या TL01IND0000065630<br>1. मैसर्स. आरती प्लाईवुड एंड हार्डवेयर, (उधारकर्ता)<br>ए-1/102 सीता वल्लभ मार्केट खरगोन मध्य प्रदेश - 451001<br>जिला खरगोन<br>2. श्री किशन लाल जांगिड़, (सह उधारकर्ता)<br>वार्ड क्रमांक 02 गुरुदत्त कॉलोनी धामनोद मध्य प्रदेश -454552 3. श्रीमती कृष्णा देवी, (सह ऋणकर्ता)<br>वार्ड क्रमांक 02 गुरुदत्त कॉलोनी धामनोद धामनोद दर, म.प्र.: 454 552 | रु. 83,00,000/- | 27.04.2026 और रू. 86,25,333/-, 20.04.2026 तक उस पर अतिरिक्त ब्याज सहित।<br>एनपीए दिनांक : 06.04.2026 |

**अचल संपत्ति की अनुसूची:** गुलझरा गांव, पी.एच. नंबर 27, तहसील धरमपुरी, जिला धार, मध्य प्रदेश में स्थित श्री गुरु राजदत्त रेजीडेंसी, प्लॉट/मकान संख्या 172, भूमि सर्वेक्षण संख्या 82/1, 83/2, 84/2 में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और भाग, जिसका क्षेत्रफल 20 X 40 = 800 वर्ग फुट (74.349 वर्ग मीटर) है। सीमाएँ: पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः आरक्षित प्लॉट, उत्तरः आरक्षित प्लॉट, दक्षिणः प्लॉट संख्या 171।

दिनांक: 14.05.2026
स्थान: मध्यप्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी,
चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड के लिए


### पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का अफसरों को सख्त संदेश

# भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस : सुवेंदु



**पश्चिम बंगाल, 13 मई.** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने 41 विभागों के सचिवों के साथ बैठक कर भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने का सख्त संदेश दिया.

उन्होंने सभी अधिकारियों को नियमों के तहत काम करने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए. बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को 41 विभागों के सचिवों के साथ बैठक की, जिसमें प्रशासनिक कामकाज और समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. उन्होंने सभी विभागों के सचिवों को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त निर्देश दिए हैं.

> बंगाल के मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारियों को नियम-कानून के मुताबिक काम करना होगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने सभी मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया.

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की पॉलिसी 'जीरो टॉलरेंस' की होगी.

## विजय ने ज्योतिषी ओएसडी को हटाया

**चेन्नई, 13 मई.** तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय ने सत्ता संभालते ही जिस फैसले से अपने समर्थकों को चौंकाया था, उसी फैसले को अब उन्हें 24 घंटे के भीतर वापस भी लेना पड़ा. मुख्यमंत्री बनने के बाद विजय ने अपने करीबी ज्योतिषी राधन पंडित को स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर नियुक्त किया था, लेकिन इस कदम पर मचे राजनीतिक बवाल के बाद सरकार ने तुरंत यू-टर्न ले लिया. राधन पंडित लंबे समय से विजय के विश्वासपात्र माने जाते हैं. राजनीतिक हलकों में यह चर्चा रही कि उन्होंने वर्षों पहले विजय के मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी की थी.

विजय के राजनीतिक सफर में भी उनकी सक्रिय भूमिका बताई जाती रही है. यहां तक कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का समय भी राधन की सलाह पर बदला गया था.


**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)**
Tel No:0761 2702473, Fax No.0761-2660048
CIN: U40109MP2002SGC015120, e-mail: cepurez@yahoo.in

No. CGM/S&P/EZ/GM-I/I/346 Jabalpur, dtd: 12.05.2026

Online Expression of Interest (EOI) is invited for following item:-

| Sr. No. | EOI No. | Name of Items/Services | Last Date of Receipt of EOI |
|---|---|---|---|
| 1. | 1728 (e-EOI No. 2026_PKVVC_506656_1) | For supply, installation, testing, commissioning of power quality (PQ) meters & its data collection through suitable AMR system and it's integration with existing MDM/monitoring platform under MPPKVVCL, Jabalpur | 2.24 |

For other details visit our website- www.mpez.co.in & www.mptenders.gov.in

"बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें"

C.G.M. (S&P)



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह- उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 45012737 | होम लोन | 30-04-2026 | 3,63,727.01/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नामः** 1. लालू गायरी 2. बद्रीलाल गायरी

**संपत्ति का पताः** भूमि सर्वेक्षण संख्या 413, पीएच नं. 35, ग्रामः पिपलिया तुखर, तहसीलः ताल, जिलाः रतलाम, मध्य प्रदेश-457114 में स्थित वह संपत्ति/मकान/प्लॉट, जिसका कुल क्षेत्रफल 56 वर्ग मीटर है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में कालूराम, पश्चिम में रतनलाल, उत्तर में रोड और दक्षिण में कालू सिंह।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 14.05.2026
स्थान: मध्यप्रदेश

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)



**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION**

**Tender Notice No. 18 Date 13/05/2026**
**This is with reference to above mention tender notice for following work**

Empanelment of Consultants for various Projects in Kolhapur.

For above Tender submission dates as follows -

| | | |
|---|---|---|
| Start date of Submission of Tender Documents | :- | 14/05/2026 at 4.00 p.m. |
| Last date of Submission of Tender Documents | :- | 04/06/2026 at 3.00 p.m. |
| Pre-Bid meeting | :- | 21/05/2026 at 12.00 p.m. |
| Opening of Tender Documents | :- | 04/06/2026 at 3.30 p.m. |

Details available on www.mahatenders.gov.in

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation



**कार्यालय नगर परिषद् माण्डव जिला धार (म.प्र.)**

क्रमांक 1175 / निविदा आमंत्रण सूचना / 2026 माण्डव, दिनांक 11/05/2026

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर परिषद् माण्डव जिला धार ( म.प्र. ) द्वारा माण्डव नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-02 में चतुर्भुज श्रीराम मंदिर के पास श्रद्धालुओं एवं पर्यटको के बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने केउद्देश्य से टीनशेड निर्माण कार्य तालिका अनुसार विधायकनिधि के अंतर्गत कराये जाने हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विवरण | कार्य की समयावधि व लागत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व EMD |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 01 | माण्डव नगर में स्थित चतुर्भूज श्रीराम मंदिर के पास टीनशेड निर्माण कार्य । | 02 माह लागत राशि-5.04 लाख (जी.एस.टी. सहित) | निविदा प्रपत्र मुल्य 2000 /- EMD राशि-5048/- |

अतः उपरोक्तानुसार इच्छुक फर्म / ठेकेदार अपनी-अपनी निविदा दर दो सीलबंद लिफाफे में दिनांक 26/05/2026 को समय अपरान्ह 03:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। एक लिफाफे में अमानत राशि एवं दूसरे लिफाफे में निविदा प्रपत्र फर्म / ठेकेदार का पंजीयन प्रमाण-पत्र, जी. एसटी प्रमाण-पत्र, ईपीएफ प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, पेनकार्ड, आर्गेनाईजेशन डिटेल व आधारकार्ड आदि निविदा फार्म दिनांक 25/05/2026 तक निकाय की निर्माण शाखा से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा वर्क कान्ट्रेक्टर के भुगतान के समय जीएसटी की जो दरे लागू होगी उसके अनुसार ही जीएसटी का भुगतान ठेकेदार को प्रथक से किया जावेगा। जीएसटी प्रथक से भुगतान हेतु संबंधित निविदाकार / सेवा प्रदाता के पास जीएसटी पंजीयन एवं जीएसटीन होना अनिवार्य है। कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही भुगतान किया जा सकेगा। विस्तृत नियम शर्ते निकाय की लोक निर्माण शाखा में अवकाश दिवस छोडकर देखी जा सकेगी।

(मालती - जयराम गावर) अध्यक्ष नगर परिषद् माण्डव
(कृष्णा यादव) उपाध्यक्ष नगर परिषद् माण्डव
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद् माण्डव जिला - धार (म.प्र.)